उत्तर प्रदेश में विद्युत उत्पादन

3474. श्री संघ प्रिय गौतम : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष की तुलना में चालू वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश के प्रत्येक विद्युत संयंत्र में विद्युत उत्पादन में हुई वृद्धि का ब्यौरा क्या है ;

(ख) विद्युत उत्पादन में हुई इस वृद्धि से उस राज्य में बिजली की जिलावार मांग को किस हद तक पूरा किया जा सकेगा ;

(ग) विद्युत उत्पादन में वृद्धि के लिए गत वर्ष के दौरान राज्य के प्रत्येक संयंत्र को कितनी केन्द्रीय सहायता प्रदान की गई थी ; और

(घ) राज्य में मांग और आपूर्ति के बीच के अन्तर को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिला बेन त्रिभुवनभाई पटेल) : (क) 1993-94 और 1994-95 के दौरान केन्द्रवार ऊर्जा उत्पादन का ब्यौरा विवरण में दिया गया है (नीचे देखिए)

(ख) कुल मिलाकर विद्युत की मांग एवं उपलब्धता तथा राज्य बिजली बोर्डों द्वारा उपलब्ध कराई गई आधारभूत सुविधाओं को मद्देनजर रखते हुए संबंधित राज्य बिजली बोर्डों द्वारा राज्यों के विभिन्न जिलों के लिए विद्युत के वितरण का नियंत्रण किया जाता है।

(ग) विद्युत उत्पादन में अभिवृद्धि हेतु वर्ष 1994-95 के दौरान उत्तर प्रदेश को किसी भी ताप विद्युत केन्द्र को नवीकरण एवं आधुनिकीकरण स्कीम के क्रियान्वयन के लिए केन्द्रीय सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई थी।

(घ) विद्युत की मांग और उपलब्धता के बीच अन्तर को समाप्त करने के लिए किए जा रहे विभिन्न उपायों में ये शामिल हैं ; विद्यमान क्षमता से इष्टतम विद्युत उत्पादन करना नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्यक्रम को क्रियान्वित करना पारेषण एवं वितरण संबंधी हानियों की मात्रा को कम करना प्रभावी भार प्रबन्ध ऊर्जा संवर्धन उपाय तथा निकटवर्ती राज्यों/प्रणाली से सहायता करने की व्यवस्था करना।

विवरण

उत्तर प्रदेश में 1993-94 और 1994-95 के दौरान ऊर्जा उत्पादन का केन्द्रवार ब्यौरा

केन्द्र	कुल वस्तुतः विद्युत उत्पादन (मिलियन यूनिट)		
	1993-94	1994-95	गत वर्ष की अपेक्षा
1	2	3	4
ताप विद्युत			
यू०पी०एस०ई०बी०			
ओबरा	6475	4296	66.3
पनकी	774	702	90.7
हरदुआगंज बी० एंड सी०	1011	754	74.6
परिछा	746	321	43.0
अनपारा	4745	8816	185.8
टांडा	817	779	95.3
जोड़ : (यूपीएसईबी)	14568	15668	107.6

1	2	3	4
एम० टी० पी० सी०			
सिंगरौली एसटीपीएस	14643	14304	97.7
रिहन्द एसटीपीएस	6868	6494	94.6
दादरी (ताप)	1545	2572	166.5
ऊंचाहार	2523	1933	76.6
ओरेटा नीजी	3438	3578	104.1
जोड़ : (यूपीएसईबी)	1352	2271	1680
न्यूक्लीयर			
नरोरा एपीएस	334	948	283.8
जल विद्युत यू० पी० एस० ई० बी०			
रिहन्द (एच)	726	1427	196.6
ओबरा (एच)	271	486	179.3
माताटीला (एच)	130	134	103.1
गंगा कैनाल	150	150	100.0
खटीमा	216	201	93.1
रामगंगा	363	374	97.7
यमुना 1 व 4	583	521	89.4
यमुना 2	838	876	104.5
चिला	724	687	94.9
खादरी	388	408	105.2
मनेरी भाली	478	416	87.0
खारा	399	379	95.0
जोड़ : (यूपीएसईबी)	5286	6059	114.6
एन० एच० पी०सी०			
टनकपुर (जल विद्युत)	401	465	116.0
जोड़ : उत्तर प्रदेश			
ताप विद्युत	44937	46820	104.2
न्यूक्लीय	334	948	283.8
जल विद्युत	5687	6524	114.7
जोड़ :	50958	54292	106.5